आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 06.09.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में नकली दवाइयों के निर्माण और बिक्री को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। प्रभावितों को हरसंभव मदद और राहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।
- पीएम–पोषण योजना में गबन की जांच एसआईटी को सौंपी गई। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– घोटाले में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने ''मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'' के लाभार्थियों को 4 करोड़ 74 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की।

मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास में आज एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नकली दवाइयों के निर्माण और बिक्री को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए जिलाधिकारियों, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि धराली आपदा से प्रभावित परिवारों की समस्याओं के समाधान और उनके पुनर्वास, राहत व आजीविका की व्यवस्था, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में गठित समिति अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करे। रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश के अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर पुनर्वास और राहत कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रदेश में व्यापक स्तर पर स्वदेशी अभियान चलाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह अभियान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों से भी स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने सरकारी खरीद में स्वदेशी उत्पादों और उपकरणों को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों में स्थानीय उत्पादों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब में हाल ही में हुए बदलावों से स्वदेशी उत्पादों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

आपदा प्रभावित दौरा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज बागेश्वर जिले के आपदा प्रभावित कनलगढ़ घाटी का दौरा कर पौंसारी, बैसानी और सुमटी गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने आपदा प्रभावितों से बातचीत की और उन्हें हरसंभव मदद व राहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के लिए विस्थापन की व्यवस्था नियमानुसार स्थानीय स्तर पर या अन्यत्र की जाएगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों द्वारा अंग्यारतोली क्षेत्र में प्रस्तावित भूमि का भूगर्भीय सर्वेक्षण कराने के लिए टीम गठित करने की घोषणा भी की।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जनजाति कल्याण विभाग के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में चयनित 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही 15 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न विभागीय निर्माण योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं न केवल जनजातीय समाज की आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगी। मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी युवा शिक्षक, नई पीढ़ी के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

एसआईटी जांच

प्रधानमंत्री पोषण योजना एवं शक्ति निर्माण योजना में हुए घोटाले की जांच एस.आई.टी. को सौंप दी गई है। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसका अनुमोदन दे दिया है। विद्यालयी शिक्षा विभाग के तहत देहरादून जिले में पीएम पोषण प्रकोष्ट में 3 करोड़ 18 लाख रुपए के सरकारी धन के गबन का मामला सामने आया था। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए अपर निदेशक, गढ़वाल मंडल की अध्यक्षता में की गई जांच की शासन को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी गई। विभागीय मंत्री ने बताया कि जांच रिपोर्ट में देहरादून के जिला शिक्षा अधिकारी, बेसिक कार्यालय में उपनल से सेवायोजित एमआईएस समन्वयक नवीन सिंह रावत को प्रत्यक्ष रूप से सरकारी धन के गबन का दोषी ठहराया गया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट में आरोपी ने अपने तकनीकी ज्ञान का दुरूपयोग कर वर्ष 2023–24 से वर्ष 2025–2026 की अवधि के दौरान तीन करोड़ 18 लाख से अधिक सरकारी धन की हेराफरी की और इस धनराशि को आनलाइन माध्यम से अलग–अलग अज्ञात खातों में ट्रांसफर किया। उन्होंने कड़ा रूख अपनाते हुए सरकारी धनराशि के गबन की जांच एसआईटी को सौंपने की संस्तुति की है, ताकि घोटाले के आरोपी और उसके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी, जिन्होंने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती है।

वात्सल्य योजना डीबीटी

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज ''मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'' के तहत लाभार्थियों को 4 करोड़ 74 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की। देहरादून में लाभार्थियों के खातों में धनराशि डीबीटी करने के बाद उन्होंने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रति माह तीन हजार रुपए की सहायता राशि देती है। उन्होंने कहा कि यह धनराशि, लाभार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

किसान बंधु बैठक

ऊधमसिंह नगर जिल के रुद्रपुर में आयोजित किसान बंधु की बैठक में बिजली, सड़क, धान खरीद, गन्ना भुगतान और जल भराव से हुए नुकसान के मुद्दे छाए रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी, नजूल, पंकज उपाध्याय ने किसानों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इनके निस्तारण के निर्देश दिए।

किसान नेता अमन ढिल्लो ने बताया कि बैठक में अधिकारियों के साथ किसानों की विभिन्न समस्याओं पर सार्थक चर्चा हुई।